सत्यमेव जयते

कुलाधिपति
Chancellor

महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी ....विश्वविद्यालय,
..................................University,
राज भवन, जयपुर – 302006
Raj Bhawan, Jaipur

क्रमांक : एफ.27(ए)(2)आरबी/2022/4342
दिनांक : 21 अगस्त, 2022

आदेश

डॉ. नरेन्द्र सिंह राठौड़ को राजभवन के आदेश क्रमांक एफ. 27(ए)(2)आरबी/2015/6419–6420 दिनांक 21.08.2019 के माध्यम से महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर अधिनियम, 2000 (यथा संशोधित) की धारा 24(1) व 24(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए चयन समिति की सिफारिश पर, राज्य सरकार के परामर्श से कार्यभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष या सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर का कुलपति नियुक्त किया गया। डॉ. राठौड़ द्वारा कुलपति पद का कार्यभार दिनांक 24.08.2019 को पूर्वाह्न में ग्रहण किया गया था। डॉ. राठौड़ का कार्यकाल दिनांक 23.08.2022 को पूर्ण होने जा रहा है।

महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर अधिनियम, 2000 (यथा संशोधित) की धारा 24(3) के अंतर्गत नियमित कुलपति की नियुक्ति में समय लगने की संभावना है।

अतः मैं, कलराज मिश्र, राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति, महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर उक्त विश्वविद्यालय के अधिनियम, 2000 (यथा संशोधित) की धारा 24(9) व 24(10) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार की सलाह से प्रो. आई. वी. त्रिवेदी, कुलपति, गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा को अग्रिम आदेशों तक कामचलाऊ व्यवस्था अन्तर्गत (Stop-gap arrangement) अतिरिक्त प्रभार के रूप में महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलपति के पद के कृत्यों के निर्वहन के लिए निर्देशित करता हूँ।

हस्ता0
(कलराज मिश्र)
राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति

क्रमांक : एफ.27(ए)(2)आरबी / 2022 / 4343 दिनांक : 21 अगस्त, 2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. प्रमख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान।
3. प्रमुख शासन सचिव, कृषि विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. डॉ. नरेन्द्र सिंह राठौड़, कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर।
6. प्रो. आई. वी. त्रिवेदी, कुलपति, गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा।
7. कुलसचिव, महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर।
8. कुलसचिव, गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा।

(सुबीर कुमार)
प्रमुख सचिव,
राज्यपाल राजस्थान